Page No.
Date :

पाठ-1 (सर्वनाम)

प्र01 सर्वनाम किसे कहते हैं?

उ0 जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, सर्वनाम कहलाते हैं।

प्र02 सर्वनाम के कितने भेद होते हैं? स्पष्ट कीजिए।

उ0 सर्वनाम के छः भेद होते हैं:-

1. पुरुषवाचक सर्वनाम
2. निश्चयवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. संबंधवाचक सर्वनाम
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम
6. निजवाचक सर्वनाम

प्र03 निश्चयवाचक सर्वनाम और अनिश्चयवाचक सर्वनाम मे अंतर लिखिए।

उ0

निश्चयवाचक सर्वनाम	अनिश्चयवाचक सर्वनाम
जो सर्वनाम शब्द संज्ञा के बारे में निश्चित रूप से बताते हैं, निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं जैसे यह, वह आदि।	जो सर्वनाम शब्द संज्ञा के बारे में निश्चित रूप से नहीं बताते हैं, वे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं जैसे कोई, कुछ आदि।

Scanned with CamScanner

2. कोष्ठक में से सही विकल्प चुनकर वाक्यों के रिक्त स्थान भरिए–

(क) वह अपने आप यहाँ आया था। (क्यों/ कहाँ/ अपने-आप)

(ख) अमन कहाँ जा रहे हो? (अभी/ तू/ कहाँ)

(ग) आप अपना काम स्वयं करे। (उसका/ किसका/ अपना)

(घ) तुम इधर आओ। (स्वयं/ तुम/वह)

3. निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा और सर्वनाम शब्द चुनकर सही स्थान पर लिखिए–

वाक्य	संज्ञा	सर्वनाम
(क) मेरी साड़ी महँगी है।	साड़ी	मेरी
(ख) आगरा कौन जाएगा?	आगरा	कौन
(ग) हमें अपने दाँत प्रतिदिन साफ़ करने चाहिएँ।	दाँत	अपने, हमें
(घ) मैंने उसे खाना दिया।	खाना	मैंने, उसे

4. सर्वनाम शब्द पर गोला (○) बनाइए–

(क) मुझे पुस्तक-मेला देखना है।

(ख) दरवाजे पर कोई खड़ा है।

(ग) मैं अपना गृहकार्य स्वयं करूँगा।

(घ) किसी ने मेरी बहुत मदद की।

(ङ) कौन चला आ रहा है?

(च) बरसात की वो रात मैं नहीं भूलूँगा।

5. निम्नलिखित वाक्यों में सही सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करके उन्हें दोबारा लिखिए–

(क) वह ने खाना खाया। उसने खाना खाया।

(ख) मैं मेरा काम करता हूँ। मैं अपना काम करता हूँ।

(ग) सर हमको पढ़ाते हैं। सर हमें पढ़ाते हैं।

(घ) दादाजी! तुम खाना खाइए। दादाजी! आप खाना खाइए।

6. दिए गए कथनों में सही पर (✓) तथा गलत पर (✗) का निशान लगाइए–

(क) यह और वे निजवाचक सर्वनाम हैं।

(ख) 'कौन', 'किसे' प्रश्नवाचक सर्वनाम हैं।

(ग) क्रिया के स्थान पर आने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

(घ) 'कुछ', 'कोई' निश्चयवाचक सर्वनाम है।

7. रंगीन सर्वनाम शब्दों के सही भेद को पहचानते हुए (✓) का निशान लगाइए–

(क) जिसने भला किया है उसका भला होगा।

निजवाचक ☐ संबंधवाचक ☑ पुरुषवाचक ☐

(ख) पुलकित जाग गया है उसे कुछ चाहिए।

प्रश्नवाचक ☐ अनिश्चयवाचक ☑ पुरुषवाचक ☐

(ग) अपना काम आप स्वयं करें।

पुरुषवाचक ☐ निजवाचक ☑ संबंधवाचक ☐

Scanned with CamScanner

13 शब्द–भंडार

Vocabulary

1. पर्यायवाची शब्द

परिभाषा

वे शब्द जो दिए गए शब्दों के समान अर्थ प्रकट करते हैं, उन्हें **पर्यायवाची** या **समानार्थी शब्द** कहते हैं।

दिए गए चित्र के नीचे लिखे शब्दों को ध्यान से प... शब्द बोलने में भिन्न परंतु इनका अर्थ एक होता... शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

गणेश	लंबोदर	गौरीश	गणपति

आइए, कुछ अन्य पर्यायवाची शब्दों को भी जानें–

अध्यापक	शिक्षक, गुरु, आचार्य	शाम	सायंकाल, संध्या, साँझ
झंडा	ध्वज, पताका, ध्वजा	बगीचा	उद्यान, वाटिका, उपवन
दिन	दिवस, वासर, वार	फूल	सुमन, पुष्प, प्रसून
गंगा	सुरसरि, देवनदी, भागीरथी	मित्र	सखा, दोस्त, सहचर
आकाश	नभ, व्योम, आसमान	सूर्य	सूरज, दिनेश, दिनकर, भा...
देह	शरीर, तन, काया	अमृत	सोम, सुधा, अमिय
पक्षी	पंछी, खग, पखेरू, विहग	माँ	माता, जननी, अंबा, मातृ
मित्र	सखा, दोस्त, मीत, सहचर	मनुष्य	नर, आदमी, मानव
पत्र	खत, चिट्ठी, पात, पत्ता, दल	यश	ख्याति, प्रसिद्धि, कीर्ति
प्रातः	सवेरा, भोर, सुबह	आनंद	हर्ष, प्रसन्नता, खुशी
नदी	सरिता, तटिनी, तरंगिनी	वृक्ष	पेड़, विटप, तरू
रात	रजनी, रात्रि, यामिनी, निशा	पर्वत	पहाड़, नग, अंचल, गिरि

Scanned with CamScanner